BSNL EMPLOYEES UNION

Central Head Quarters

BSNLEU

P. Abhimanyu
General Secretary

Ph.: 011-25705385
Fax : 011-25894862

Main Recognised Representative Union.
Dada Ghosh Bhawan, 2151/1, New Patel Nagar,
Opp. Shadipur Bus Depot, New Delhi-110008
E-mail : bsnleuchq@gmail.com, Website : www.bsnleu.in

BSNLEU/102 (Circular No.04) **4th April, 2020**

प्रति,

सर्किल सेक्रेटरीज,
सेंट्रल ऑफिस बेयरर्स,
एवं डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरीज।

"कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स रिलीफ फण्ड" एकत्रित कीजिए।

कॉमरेड्स,

हम सभी यह जानते हैं कि BSNL के कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स को वेजेस का भुगतान नही होने से उन्हें अत्यंत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें विगत 10 माह के वेजेस का भुगतान अभी तक नही किया गया है। आपको यह भी जानकारी है कि BSNLEU और BSNLCCWF द्वारा, कॉर्पोरेट मैनेजमेंट पर कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स के वेजेस एरियर्स का भुगतान करने हेतु लगातार पुरजोर दबाव बनाया जा रहा है।

यह मुद्दा संसद में भी उठाया गया है और कुछ माननीय सांसदों द्वारा यह माननीय संचार मंत्री के संज्ञान में भी लाया गया है। BSNLEU और BSNL CCWF, दोनों के द्वारा असंख्य आंदोलन भी किए गए हैं। किन्तु इसमें ज्यादा प्रगति नही हुई है। वेजेस का भुगतान न होने से उत्पन्न घुटन को सहन न कर पाने की स्थिति में, 10 कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स आत्महत्या कर चुके हैं। ये आत्महत्याएं दर्शाती हैं कि कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स किस कदर परेशानियों से ग्रसित हैं।

यह स्पष्ट करना जरूरी नही है कि, कोरोना वायरस डिसीज़ के फैलाव को रोकने के लिए सरकार द्वारा लागू 21 दिन के लॉकडाउन की वजह से,असंगठित वर्कर्स किस संत्रास को झेल रहे हैं। कार्य बंद होने व वेजेस न मिलने से उन्हें असहाय कर छोड़ दिया गया है। BSNL के कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स की स्थिति भी इनसे कुछ अलग नही है।

BSNLEU ने पुनः,कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स के वेज एरियर्स के त्वरित भुगतान की मांग करते हुए CMD BSNL को पत्र लिखा है। मैनेजमेंट द्वारा कोई राहत नही मिल रही है, यह महसूस होने पर, CHQ द्वारा कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स को राहत पहुंचाने के लिए अपने सदस्यों व शुभ चिंतकों से फण्ड एकत्रित करने हेतु सर्किल सेक्रेटरीज और सेंट्रल ऑफिस बेयरर्स से राय ली गई है। CEC मेंबर्स द्वारा "कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स रिलीफ फण्ड" इकट्ठा करने हेतु उत्साहपूर्ण सहमति व्यक्त की गई है।

इस आधार पर "कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स रिलीफ फण्ड" एकत्रित करने हेतु 31 मार्च, 2020 को CHQ द्वारा व्हाट्सएप मैसेज के जरिए सर्किल सेक्रेटरीज और सेंट्रल ऑफिस बेयरर्स से अनुरोध किया गया था। कई सर्कल्स द्वारा सही तरीके से रिलीफ फण्ड एकत्रित करना शुरू भी किया जा चुका है। किन्तु, यह देखने में आया है कि कुछ सर्कल्स ने फण्ड एकत्रित करने की कोई पहल नहीं की है। अतः, CHQ, सभी सर्किल और डिस्ट्रिक्ट यूनियन्स से अनुरोध करता है कि वें रिलीफ फण्ड एकत्रित करने हेतु त्वरित गतिशील हों।

धन्यवाद !
भवदीय,

(पी अभिमन्यु)
महासचिव